**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 17 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि उद्योग और वाणिज्य वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने की भारतीय नेतृत्व की दृढ़ प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। श्री बिरला ने कल नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की 'विकासोन्मुखी नीतियां' आज उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं।

***हम सबको गर्व है कि यहां पर सरकार भी स्थिर है। पॉलिसी, नीतियां भी उद्योग व्यापारों के अनुकूल है। टैक्स प्रणाली को, सिस्टम को पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है और उसके साथ राज्यों के अंदर शुद्ध प्रतिस्पर्धा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ उनको एकल खिड़की या एक प्लेटफार्म पर इंडस्ट्री लगाने में सहयोग करें इसके लिए पीएचडीसीसीआई लगातार गंभीर प्रयास कर रही है।***

***************************************************************************

लोकसभा के बाद हरियाणा विधानसभा में 13 देशों के 27 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का विधान प्रारूपण में 36वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत कल शाम को विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह के साथ बैठक से हुई। इस अवसर पर विधायी प्रारूपण में ज्ञान और तकनीकों के आपसी आदान-प्रदान पर जोर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधायी कार्य से जुड़े लोगों द्वारा एक-दूसरे के साथ ज्ञान और अनुभव साझा करने से वैश्विक स्तर पर सामंजस्य बढ़ेगा और आपसी समन्वय से कानून का शासन मजबूत होगा। यह विश्व के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है।इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक डॉ. के.एन. चतुर्वेदी और ग्रुप लीडर श्री एलेजांद्रो निकोलस ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने विदेशी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए।विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। इस दौरान उन्होंने हरियाणा विधानसभा में की जा रही सकारात्मक पहलों का भी जिक्र किया।

**************************************************************************

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि भिवानी जिले के गांव देवसर मालवास और देवसर कोहाड़ के लिए करोड़ों रुपए की लागत से अलग से जलघर का निर्माण करवाया जाएगा।राज्यसभा सांसद ने कल अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान इन गांवों में ग्रामीणों को संबोधित करते समय यह घोषणा की।उन्होंने कहा कि हल्का तोशाम में ग्रामीणों को समुचित पेयजल आपूर्ति के साथ साथ सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।जनसंपर्क अभियान के दौरान किरण चौधरी ने इन गांवों के अलावा केहरपुरा, टिटानी, हेतमपुरा, कैरू सहित कई गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए बूस्टिंग स्टेशन या जलघर नहीं है या पाइप लाइन डाली जानी है, वहां पर ये सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। वहीं मवेशियों के लिए नहर से, पाइप लाइन द्वारा जोहड़ों में पानी डलवाया जाएगा।इसके साथ-साथ किरण चौधरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिन गांवों में पशु अस्पताल, पशु डिस्पेंसरी और स्वास्थ्य संस्थान नहीं है, उन गांव में भी ये सभी संस्थान बनवाए जाएंगे ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी

**************************************************************************

हरियाणा में नशों के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से चल रही 'साइक्लोथॉन को आज सुबह शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पानीपत से करनाल के लिए रवाना किया।सोनीपत से चलकर मुरथल, लड़सोली, बड़ी, गन्नौर होते हुए कल शाम यह साइकिल यात्रा समालखा पहुंची थी ।इससे पहले शिक्षा मंत्री ने माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर 'साइक्लोथॉन में शामिल युवाओं को सम्मानित किया।शिक्षा मंत्री ने युवाओं को नशों से दूर रहने एवं दूसरों को भी नशा न करने देने की शपथ दिलवाई।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि नशा एक सामाजिक चुनौती है और इसे खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। नशा मुक्ति की शुरुआत हमें अपने घर-परिवार से करनी होगी, तभी समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू की गई यह साइक्लोथॉन 27 अप्रैल को सिरसा जिले के डबवाली में संपन्न होगी और पूरे प्रदेश में जन जागरण का माध्यम बनेगी।इस अवसर पर सभी ने नशों के विरुद्ध इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया,पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, व अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

**************************************************************************

भारतीय निशानेबाज सुरूचि सिंह ने आईएसएसएफ विश्व कप-2025 लीमा में महिलाओं की 10

मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश को गौरवांवित किया है। सुरूचि सिंह ने फाइनल मुकाबला जीतने के लिए कुल 243.6 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को शिकस्त दी, जो 242.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चीन की याओ कियानक्सुन ने 219.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। यह सुरूचि सिंह का विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है।